Get Printed Study Notes for UPSC Exams - www.iasexamportal.com/notes

CS (Main) Exam, 2020

URC–U–ECON

# अर्थशास्त्र (प्रश्न-पत्र–I)

समय : तीन घण्टे

अधिकतम अंक : 250

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

(उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें)

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं।

परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू० सी० ए०) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए। प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए।

ग्राफ/विशदीकरण, जहाँ जरूरी हो, प्रश्न के साथ ही उत्तर देने के लिए निर्दिष्ट जगह पर ही अंकन करना/देना है।

प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी। यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो। प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए।

---

# ECONOMICS (PAPER–I)

Time Allowed : Three Hours

Maximum Marks : 250

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

(Please read each of the following instructions carefully before attempting questions)

There are EIGHT questions divided in two Sections and printed both in HINDI and in ENGLISH.

Candidate has to attempt FIVE questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, THREE are to be attempted choosing at least ONE from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Graphs/illustrations, wherever required, may be drawn/given in the space provided for answering the question itself.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

Get Printed Study Notes for UPSC Exams - www.iasexamportal.com/notes

## खण्ड—A / SECTION—A

**1.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :
Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* व्याख्या कीजिए कि उत्पाद एवं मुद्रा बाज़ार दोनों की अन्तर्क्रिया से आय तथा ब्याज की सन्तुलन दर कैसे निर्धारित होती हैं।

Explain how equilibrium rate of interest and income are determined with the interaction of both product and money market.

*(b)* अन्तर्जात मुद्रा आपूर्ति के अनुप्रास्थिक एवं संरचनात्मक सिद्धान्त के उत्तर-कीन्सवादी उपागमों में प्रभेद कीजिए।

Distinguish between post-Keynesian approaches to horizontalist and structuralist theory of endogenous money supply.

*(c)* नवीकरणीय संसाधन भविष्य के अर्थशास्त्र में एक भूमिका कैसे अदा करेंगे, व्याख्या कीजिए।

Explain how renewable resources will play a role in future economics.

*(d)* एक वाणिज्यिक बैंक द्वारा धारित परिसम्पत्तियों के वर्गीकरण का उल्लेख कीजिए। ग़ैर-निष्पादित परिसम्पत्तियों में वृद्धिवश वाणिज्यिक बैंक के सामने आने वाली समस्याओं की विवेचना कीजिए।

Mention the classification of assets held by a commercial bank. Discuss the problems faced by commercial bank due to rise in NPAs.

*(e)* विकास सिद्धान्त के रूप में मिर्डाल के संचयी कार्योत्पादन सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए।

Explain Myrdal's cumulative causation theory as the theory for development.

**2.** *(a)* आनुमानिक विचरण क्या होता है? प्रदर्शित कीजिए कि अल्पाधिकार के कुछ मॉडल उसके आधार पर कैसे व्युत्पन्न किए जाते हैं।

What is conjectural variation? Show how some models of oligopoly are derived on the basis of it. 15

*(b)* प्रदर्शित कीजिए कि उत्पाद एवं मूल्य स्तर नियंत्रित करने में क्रमबद्ध मौद्रिक एवं राजकोषीय नीतियाँ निष्प्रभावी होती हैं।

Show that systematic monetary and fiscal policies are ineffective in controlling output and price level. 15

*(c)* *(i)* प्राविधिक प्रगति को अन्तर्जात क्या बनाता है? क्या आप सोचते हैं कि प्रौद्योगिकी एक 'ग़ैर-प्रतिद्वन्द्वी' वस्तु है?

*(ii)* प्रदर्शित कीजिए कि यदि शोध अधिक सफल हो जाता है, तो वृद्धि दर बढ़ेगी और इसीलिए जीवन-स्तर भी।

*(i)* What makes technical progress endogenous? Do you think that technology is a 'non-rival' good?

*(ii)* Show that if the research becomes more successful, the growth rate will increase and hence the standard of living. 20

Get Printed Study Notes for UPSC Exams - www.iasexamportal.com/notes

**3.** *(a)* मान लीजिए कि हमारे पास स्थिर सीमान्त लागतों क्रमशः $C_1$ एवं $C_2$, जैसे कि $C_1 > C_2$, वाली दो फ़र्में मात्र बाज़ार में हैं। इस बाज़ार में बर्ट्रैन्ड सन्तुलन क्या है? यह प्रतिस्पर्धी सन्तुलन से किस प्रकार भिन्न है?

Suppose that we have only two firms in the market with constant marginal costs of $C_1$ and $C_2$ respectively such that $C_1 > C_2$. What is the Bertrand equilibrium in this market? How is it different from the competitive equilibrium? 8+7=15

*(b)* "हरित ऊर्जा भी सदैव हरित नहीं होती है।" क्या आप सहमत हैं? जैव ईंधन को उदाहरण के रूप में लेते हुए अपने उत्तर को स्पष्ट कीजिए।

"Even green energy is not always green." Do you agree? Illustrate your answer taking biofuels as an example. 15

*(c)* आपको एक अर्थव्यवस्था में निम्नलिखित चरों पर आँकड़े दिए गए हैं :

सरकारी व्यय = 300

नियोजित निवेश = 200

शुद्ध निर्यात = 50

स्वायत्त कर = 250

आयकर दर = 0·1

सीमान्त उपभोग प्रवृत्ति = 0·5

*(i)* जब आय ($Y$) 1500 के बराबर है, उपभोग ($C$) 600 है। स्वायत्त उपभोग हेतु हल कीजिए।

*(ii)* दो परिदृश्यों—अर्थव्यवस्था में आयकर की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति में निर्दिष्ट निर्गत सन्तुलन स्तरों (क्रमशः $Y_w^*$ व $Y_{wo}^*$) हेतु हल कीजिए।

*(iii)* आपके द्वारा *(ii)* में ज्ञात $Y_w^*$ के आयकर स्तर वाली अर्थव्यवस्था में सन्तुलन निर्गत स्तर को लाने वाले शुद्ध निर्यातों में परिवर्तन हेतु हल कीजिए। परिवर्तन के परिमाण एवं संकेत दोनों का विवरण दीजिए।

[राशियाँ ₹ '000 करोड़ में हैं, स्पष्टतः कर दर एवं सी० उ० प्र० के अलावा]

You are given the data on the following variables in an economy :

Government spending = 300

Planned investment = 200

Net exports = 50

Autonomous taxes = 250

Income-tax rate = 0·1

Marginal propensity to consume = 0·5

Get Printed Study Notes for UPSC Exams - www.iasexamportal.com/notes

*(i)* Consumption ($C$) is 600, when income ($Y$) is equal to 1500. Solve for autonomous consumption.

*(ii)* Solve for the equilibrium levels of output denoted (respectively by $Y_w^*$ and $Y_{wo}^*$) in the two scenarios—presence and absence of income tax in the economy.

*(iii)* Solve for the change in net exports that would bring the equilibrium output level in the economy with the income tax to the level of $Y_w^*$ that you found in *(ii)*. Specify both the magnitude and sign of the change.

[ Figures are in ₹ '000 crore, obviously except tax rate and MPC ] 20

**4.** *(a)* अनेक देश अपने कुछ निर्यात उद्योगों को आर्थिक सहायता (सहायिकी) प्रदान करते हैं। एक विशाल देश हेतु एक निर्यात सहायिकी के निम्नलिखित प्रभावों को स्पष्ट करने के लिए पूर्ण प्रतिस्पर्धा के अन्तर्गत एक आंशिक सन्तुलन मॉडल का उपयोग कीजिए :

*(i)* एक निर्यात सहायिकी के कल्याणकारी प्रभाव

*(ii)* सहायिकी से कौन-सा समूह सफल और कौन-सा विफल हो रहा है?

Many countries subsidize some of their export industries. Use a partial equilibrium model under perfect competition to illustrate the following effects of an export subsidy for a large country :

*(i)* Welfare effects of an export subsidy

*(ii)* Which group is winning and which is losing from the subsidy? 8+7=15

*(b)* राष्ट्रीय आय में लाभ अंश तथा वेतन अंश निर्धारित करने हेतु कैल्डोर के वितरण सिद्धान्त को संक्षेप में व्यक्त कीजिए। कैल्डोर के प्रारूप (मॉडल) की पृष्ठभूमि की यन्त्ररचना की व्याख्या कीजिए।

Briefly state the Kaldor's theory of distribution in determining the share of profit and the share of wages in national income. Explain the mechanism behind Kaldor's model. 15

*(c)* प्रदर्शित कीजिए कि एकाधिकारी प्रतिस्पर्धा का विचार रोमर द्वारा प्रतिपादित अन्तर्जात वृद्धि सिद्धान्त में कैसे अन्तर्भूत हो जाता है।

Show how the idea of monopolistic competition becomes intrinsic to the endogenous growth theory as postulated by Romer. 20

Get Printed Study Notes for UPSC Exams - www.iasexamportal.com/notes

## खण्ड—B / SECTION—B

**5.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग *150* शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* ऐरो की पाँच तर्कसंगत दशाओं का उल्लेख कीजिए, जिन्हें एक सामाजिक कल्याण प्रकार्य को अवश्य संतुष्ट करना चाहिए।

State Arrow's five reasonable conditions which a social welfare function must satisfy.

*(b)* अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार सिद्धान्त के सन्दर्भ में अन्तर्राष्ट्रीय उत्पाद जीवन-चक्र के विभिन्न चरणों की सविस्तार विवेचना कीजिए।

In the context of international trade theory, discuss in detail the various stages of the international product life cycle.

*(c)* अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार तथा पर्यावरणीय संधारणीयता के मध्य संगतता विषय की विवेचना कीजिए।

Discuss the issue of compatibility between international trade and environment sustainability.

*(d)* एक विकासशील अर्थव्यवस्था के सन्दर्भ में क्या आप सोचते हैं कि मुद्रा नीति की तुलना में राजकोषीय नीति अधिक प्रभावी है? अपने उत्तर के पक्ष में कारण प्रस्तुत कीजिए।

In the context of a developing economy, do you think that fiscal policy is more effective than monetary policy? Give reasons in support of your answer.

*(e)* एक देश के द्रुतगामी आर्थिक विकास में सार्वजनिक-निजी साझेदारी कैसे सहायता करती है, व्याख्या कीजिए।

Explain how public-private partnership helps in the rapid economic development of a country.

**6.** *(a)* एक अर्थव्यवस्था में, सरकार एक बड़े विज्ञापन 'देशी खरीदें—देशी सर्वोत्तम' द्वारा स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रही है।

*(i)* यह मानते हुए कि जनता इस अभियान से सम्मत होती प्रवृत्त है, अर्थव्यवस्था के गुणक पर इसका क्या प्रभाव हो सकता है?

*(ii)* समालोचक यह तर्क करते हैं कि यह अनुचित है तथा मुक्त व्यापार में विरूपताओं को प्रेरित करता है। परीक्षण कीजिए कि लचीले विनिमय दर तन्त्र के अन्तर्गत यहाँ अर्थव्यवस्था कैसा प्रदर्शन करती है।

In an economy, the government is trying to boost the local economy by a massive advertisement 'buy local—local is best'.

*(i)* Assuming that the public tend to be persuaded by the campaign, what effect might this have on the economy's multiplier?

*(ii)* Critics argue that this is unfair and leads to distortions in free trade. Examine how the economy performs here under flexible exchange rate system.

8+7=15

Get Printed Study Notes for UPSC Exams - www.iasexamportal.com/notes

*(b)* टोबिन के 'q' निवेश सिद्धान्त से आपका क्या तात्पर्य है? टोबिन के 'q' की उपस्थिति में मानक IS-LM फलनों को आप कैसे किंचित् परिवर्तित करेंगे?

What do you mean by Tobin's 'q' theory of investment? How would you modify the standard IS-LM functions in the presence of Tobin's 'q'? 15

*(c)* व्याख्या कीजिए कि कीन्सवादी आनुमानिक मुद्रा माँग, प्रतिगामी प्रत्याशा मॉडल में कैसे पुनर्कथित है। इसकी सीमाओं को इंगित कीजिए।

Explain how Keynesian speculative demand for money is restated in regressive expectation model. Point out its limitations. 20

**7.** *(a)* असीमित श्रम आपूर्ति वाली एक अर्थव्यवस्था में विकास के लुईस मॉडल का वर्णन कीजिए। क्या लुईस का मॉडल वस्तुतः पूँजी-प्रेरित है? कारण बताइए।

Describe Lewis model of development in an economy with unlimited supply of labour. Is Lewis model really capital-driven? Give reasons. 8+7=15

*(b)* व्याख्या कीजिए कि आर्थिक भूमण्डलीकरण की प्रक्रिया में व्यापारिक ब्लॉक कैसे महत्त्वपूर्ण हैं। अपने उत्तर को उपयुक्त उदाहरणों से स्पष्ट कीजिए।

Explain how trade blocks are important in the process of economic globalization. Illustrate your answer with suitable examples. 15

*(c)* दो फ़र्में लागत फलनों $C_1 = q_1^2$, $C_2 = 2q_2^2$ तथा प्रतिलोम बाज़ार माँग फलन $P = 100 - (q_1 + q_2)$ सहित समरूपी निर्गतों का उत्पादन करती हैं। प्रदर्शित कीजिए कि कुर्नो-नैश सन्तुलन पर फ़र्म 2 संयुक्त मुनाफ़ा बढ़ाने वाले सन्तुलन की तुलना में उच्चतर मुनाफ़ा कमाती है। व्याख्या कीजिए कि यह ऐसा क्यों है।

Two firms produce homogeneous outputs with cost functions $C_1 = q_1^2$, $C_2 = 2q_2^2$ and the inverse market demand function $P = 100 - (q_1 + q_2)$. Show that at the Cournot-Nash equilibrium, firm 2 makes higher profit than at the joint profit maximizing equilibrium. Explain why this is so. 20

**8.** *(a)* विश्व में विभिन्न देशों के मध्य व्यापार एवं निवेश प्रवाहों में अभिनूतन परिवर्तनों की व्याख्या कीजिए। इन परिवर्तनों के प्रमुख मार्गदर्शी कारकों की विवेचना कीजिए।

Explain the recent changes in the trade and investment flows among different countries in the world. Discuss the major factors that led to these changes. 8+7=15

*(b)* किन्हीं दो वस्तुओं, दो उपभोक्ताओं तथा एक उत्पादन कारक वाले मात्र दो उत्पादकों वाली अर्थव्यवस्था में, एक 'आदर्श' अर्थव्यवस्था में परेटो इष्टतमता हेतु आवश्यक स्थितियों को व्युत्पन्न कीजिए।

In an economy with only two commodities, two consumers and two producers with single factor of production, derive the necessary conditions for Pareto optimality in a 'perfect' economy. 15

Get Printed Study Notes for UPSC Exams - www.iasexamportal.com/notes

(c) सहायिकियों के विभिन्न रूपों की विवेचना कीजिए। विप्रतीप सहायिकियाँ अर्थव्यवस्था एवं पर्यावरण हेतु दीर्घकाल में कैसे हानिकारक होती हैं, व्याख्या कीजिए।

Discuss different forms of subsidies. Explain how perverse subsidies are detrimental to the economy and environment in the long run. 20

* * *

Get Printed Study Notes for UPSC Exams - www.iasexamportal.com/notes